भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3803

उत्तर देने की तारीख 21 दिसम्बर, 2021

30 अग्रहायण, 1943 (शक)

पूर्वोत्तर क्षेत्र में खिलाड़ियों का सर्वेक्षण

3803. कुमारी अगाथा के. संगमा:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भविष्य के खेल आयोजनों को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन हेतु उनके लिए आवश्यक सुविधाओं और वित्तीय सहायता में सुधारों के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में कोई सर्वेक्षण किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) जून 2020 में घोषित 1000 नए खेलो इंडिया केंद्रों की स्थापना की स्थिति क्या है और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में कुल कितने केंद्र स्थापित किए जाने हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): इस मंत्रालय द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र में कोई विशेष सर्वेक्षण नहीं किया गया है। तथापि, विभिन्न अवसरों पर खिलाड़ियों के साथ मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों की परस्पर बातचीत के तहत, खिलाड़ियों का फीडबैक और सुझाव मांगे जाते हैं तथा निर्णय लेते समय और खेल सुविधाओं, प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं, वित्तीय सहायता, आदि से संबंधित नीतियों / स्कीमों की समीक्षा करते समय इन पर विचार किया जाता है।

(ग) खेलो इंडिया स्कीम एक मांग-आधारित स्कीम है जिसके तहत संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) को अधिसूचित किया जाता है। अब तक, देश में 453 केआईसी अधिसूचित किए जा चुके हैं जिनमें से 152 केआईसी को पूर्वोत्तर क्षेत्र में अधिसूचित किया गया है।

****